## हॉकी राजस्थान टीम की घोषणा

**करौली( नि.स. )।** आज सोमवार 30 सितम्बर से रांची झारखण्ड मे आयोजित 14 वीं हॉकी इंडिया जूनियर महिला राष्ट्रीय प्रतियोगिता 19 वर्ष मे भाग लेने वाली हॉकी राजस्थान टीम की घोषणा आज हॉकी राजस्थान के अध्यक्ष अरुण कुमार सारस्वत ने करते हुए बताया कि टीम का कप्तान भीलवाड़ा की चेतना रानी दास एवं उपकप्तान जयपुर की अनामिका शर्मा को बनाया गया है।

करौली निवासी अरूण सारस्वत ने बताया की टीम मे खुशी सैन,लिछमा भाम्बू,अंजना कुमारी तेली, रश्मि, आकांशा, कंचन, खुशी,चेतनारानी दास, कोमल गुर्जर, रजनी, निर्मला, अनामिका शर्मा, महक वर्मा, रवीना, आजाइन खान, रविता, तरुणा भाटी एवं लक्षिता मावर को शामिल किया गया है। टीम कोच मोरग्रेट हिंदुस्तानी एवं टीम मैनेजर प्रेरणा नायक होंगी।

हॉकी राजस्थान टीम के खिलाड़ियों को करौली के पूर्व पार्षद ललित हरदैनिया, समाज सेवी बबलू शुक्ला, धर्मेन्द्र शर्मा, महेंद्र सुरोठिया,कोच शकील खान, सौरभ बेताल एवं सीनियर खिलाड़ियों ने माला पहनाकर रांची के लिए रवाना किया हॉकी राजस्थान के महासचिव मित्रानंद पूनिया ने बताया की राजस्थान टीम प्रतियोगिता के बी पूल मे है जहाँ उसके मैच हॉकी झारखण्ड एवं हॉकी तमिलनाडु से होंगे।

# जिला बचाओ संघर्ष समिति ने कलेक्ट्रेट पर दिया धरना-प्रदर्शन

**गंगापुर सिटी ।** अब नई सरकार में नए जिलों के रिव्यू करने की घोषणा और इसके बाद कमेटी बनाने के बाद अब कई नए जिलों पर संकट आने की बात सामने आ रही है। ऐसे में गंगापुर सिटी को जिला बनाए रखने के लिए जिला बचाओ संघर्ष समिति के बैनर तले कलेक्ट्रेट के सामने धरना प्रदर्शन शुरू किया गया है। उल्लेखनीय है कि पिछले साल अगस्त 2०23 में पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने 19 जिलों की घोषणा की थी और इनमें एक गंगापुर सिटी को जिला बनाने की घोषणा के बाद गंगापुरसिटी वासियों में खुशी की लहर दौड गई। धरना प्रदर्शन में गंगापुर सिटी विधायक रामकेश मीणा, टोडाभीम विधायक घनश्याम महर के अलावा कांग्रेसियों, विभिन्न सामाजिक संगठनों के लोग शामिल हुए। धरने को संबोधित करते हुए गंगापुर सिटी विधायक ने कहा कि गंगापुर सिटी को पहले ही जिला बनना था, लेकिन पहले सवाई माधोपुर और इसके बाद करौली को राजनीति के तहत जिला बना दिया गया और गंगापुर सिटी जिला बनते रह गया। जबकि गंगापुर सिटी जिला बनने के लिए सभी मापदंड पूरा करता है, यहां की भौगोलिक स्थिति भी सही है, लेकिन जिला नहीं बनने से यहां की जनता की



**धरना प्रदर्शन में शामिल शहर के सभी संगठनो के पदाधिकारी।**

भावनाओं को ठेस पहुंची। अब पिछली सरकार में गंगापुर सिटी को जिला बना दिया, यहां कलेक्टर, एसपी सहित करीब 35 से अधिक जिला विभाग के अधिकारी कार्यरत है। कलेक्ट्रेट, सर्किट हाउस और पुलिस लाइन सहित सभी विभागों के लिए जमीन आवंटित होने के बाद काम तेजी से शुरू हुआ। 3 विधानसभाओं के अलावा 11 लाख से भी जिले की अधिक आबादी है, अब भी गंगापुर सिटी जिले की सभी मापदंड पूरा करता है लेकिन हाल ही पुलिस अधीक्षक का स्थानांतरण कर सवाई माधोपुर एसपी को यहां का अतिरिक्त चार्ज देकर गंगापुर सिटी जिले को भाजपा सरकार द्वारा समीक्षा के नाम पर खत्म करने का प्रयास किया जा रहा है, लेकिन जनता इसे बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार पहले यह बताए कि गंगापुर सिटी जिले को खत्म करने पर क्यों तुली है, क्या गंगापुर सिटी मापदंड पूरे नहीं कर रहा या फिर कोई अन्य कारण है। उन्होंने कहा कि जनसंख्या बढने के बाद सरकार ने आमजन को सुविधाएं बढाने के लिए ही गंगापुर सिटी को जिला बनाने की घोषणा की।

## गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित

**हिंडौन सिटी ।** भारत विकास परिषद, शाखा विवेकानंद द्वारा शिक्षक दिवस पर गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित किया । प्रकल्प प्रभारी शैलेष गुप्ता ने बताया कि मोहन नगर स्थित बी एल ग्लोबल इंग्लिश सेकेंडरी स्कूल के श्रेष्ठ अध्यापक रणजीत सिंह चौधरी एवं ललिता सेन तथा श्रेष्ठ विद्यार्थियो अक्षत जैतवाल व नेहा रावत को प्रशस्तिपत्र देकर एवं दुपट्टा पहना कर सम्मान प्रदान किया गया। शाखा अध्यक्ष मनीष आर्य ने बताया कि राष्ट्रीय प्रकल्प गुरु वंदन छात्र अभिनंदन का मौलिक उद्देश्य परिषद द्वारा गुरु एवं विद्यार्थियों के मध्य आपसी समन्वय व सम्मान का भाव जागृत करने के साथ-साथ विद्या ग्रहण की अतिरिक्त नैतिक मूल्यों पर भी कार्य किए जाने पर जोर दिया गया। सहकोषाध्यक्ष जयप्रकाश गुप्ता ने बताया कि प्रधानाचार्य मनमोहन गुप्ता के कुशल निर्देशन एवं प्रबंधन में विद्यालयों के विद्यार्थियों एवं गुरुजनों द्वारा कार्यक्रम में आपसी समन्वय के साथ अनुशासन प्रस्तुत किया गया ,जो सराहनीय है। संस्था प्रधान मनमोहन गुप्ता ने परिषद के आयोजित कार्यक्रम की भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए अपने उद्बोधन में कहा कि नैतिक मूल्यों के संधारण एवं संवारने में परिषद का योगदान है ,जो निश्चित ही विद्यार्थियों के भविष्य को उत्कृष्ट एवम् उज्जवल दिशा की ओर ले जाता है।

## स्किल डेवलपमेंट का पांच दिवसीय शिविर आयोजित

**करौली ( नि.स. )।** एकट बोधग्राम के कार्यक्रम प्रभारी मनोज शर्मा ने बताया की महावीर इंटरकांटिनेंटल सर्विस संस्था बीकानेर चैप्टर अनाम प्रेम मुंबई सेट बाल चंद डागा लूनी देवी ट्रस्ट एवं हंसा गेस्ट हाउस बीकानेर के संयुक्त तत्वाधान में स्किल डेवलपमेंट का पांच दिवसीय शिविर बीकानेर में चल रहा है।

शिविर में नि:शब्द विद्यालय करौली सहित भारत के विभिन्न राज्यों के एक हजार मूक बधिर बालक बलिका भाग ले रहे है शिविर के दौरान फ्लोर क्लिनिग,फिनायल बनानां ड्रोन,मेहंदी आर्ट,माटी कला, ब्यूटी पार्लर, वीडियोग्राफी, फिल्म मैकिंग, सोलर पैनल क्लिनिग सहित विभिन्न ट्रेडों के बारे में प्रशिक्षित किया जाएगा प्रथम दिन मिशन गुड़गांव की एम्बेसेडर स्वाति सिंह ने बच्चो के बीच पहुचकर हौसला अफजाई की नि:शब्द विद्यालय के बच्चो के साथ उप प्रधानाचार्य अनुज प्रताप सिंह एवं इसट्रेक्टर कोमल चारण भाग ले रहे हैं इस दौरान दिव्यांग बालको द्वारा परिसर में 2511 पौधे लगाकर वर्ड रिकॉर्ड बनाया जाएगा शिविर के दौरान सीखने बाली विधाओं से विद्यालय से अध्ययन कर निकले बालको सहित अध्धयनरत बालक बालिकाओं को रोजगार की राह आसान होगी पूर्व में भी संस्था द्वारा लगभग पंद्रह बच्चो को अमेजॉन फ्लिप कार्ड रिलायंस जैसी कंपनियों से जोड़ा हैं नि:शब्द बालको को संस्था हमेशा आगे बढ़ाने के लिए प्रयासरत रहती हैं इस शिविर में सहभागिता कराने में आयुक्त एवं विशिष्ट शासन सचिव निदेशालय विशेष योग्यजन जयपुर सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग करौली के सहायक निदेशक बबलू शर्मा का विशेष सहयोग रहा।

# भारत को जानो क्विज प्रतियोगिता सम्पन्न

**भुसावर ( निस )।** भारत विकास परिषद् की स्थानीय शाखा की ओर भारत को जानो प्रतियोगिता के प्रथम चरण की शाखा स्तरीय प्रश्न मंच (क्विज) प्रतियोगिता का आयोजन आज कस्बे के शिक्षण संस्थान आर्य महिला विद्यापीठ में किया गया। जिसमें जूनियर व सीनियर दोनों वर्ग में कस्बे के प्रेम पब्लिक स्कूल की टीम प्रथम एवं आदर्श विद्या मंदिर की टीम द्वितीय स्थान पर रही। भारत को जानो प्रतियोगिता के प्रकल्प प्रभारी अरविन्द बंसल ने जानकारी देते हुए बताया कि भारत को जानो प्रतियोगिता के प्रथम चरण की शाखा स्तरीय प्रश्न मंच (क्विज) प्रतियोगिता का आयोजन कस्बे के आर्य महिला विद्यापीठ में किया गया। प्रतियोगिता का शुभारम्भ विद्यापीठ सोसायटी के अध्यक्ष अशोक मित्तल व कार्यकारिणी सदस्य एवं शाखा के पदाधिकारियों द्वारा भारत माता व स्वामी विवेकानंद तस्वीर पर दीप



प्रज्जवलित व पुष्प अर्पण कर वन्दे मातरम गान के साथ किया गया। क्विज प्रतियोगिता में कस्बे के दोनों राजकीय विद्यालयों सहित प्रेम पब्लिक स्कूल, भास्कर स्कूल, इंदिरा पब्लिक स्कूल, मार्डन जगदम्बा स्कूल, आर्य कन्या गुरुकुल, दीवान पब्लिक स्कूल, आदर्श विद्या मंदिर, आर्य महिला विद्यापीठ, गांधी ज्योति स्कूल, मां ज्योति, चेतन विद्या मंदिर, सुलभ स्कूल व आरडीपीएस स्कूल की जूनियर वर्ग में 15 टीम एवं सीनियर वर्ग में 12 टीमों में कुल 54 विद्यार्थियों ने भाग लिया। शाखा अध्यक्ष मनीष मित्तल ने बताया कि प्रतियोगिता में भारत को जानो से संबंधित सामान्य ज्ञान प्रश्नों के फोटो राउण्ड व रेपिड राउण्ड" सहित कुल पांच राउण्ड कराये गये।

# 'राईजिंग राजस्थान की समस्त तैयारियां समय पर पूर्ण करें'

**करौली( नि.स. )।** जिला कलक्टर नीलाभ सक्सेना ने बताया कि जिले में राईजिंग राजस्थान के तहत नवीन निवेश को प्रोत्साहन देने के लिए जिलास्तरीय इनवेस्टर मीट का आयोजन 25 अक्टूबर को किया जाना है इस संबंध में संबंधित अधिकारी समन्वय स्थापित करते हुए समस्त तैयारियां पूर्ण करना सुनिश्चित करें। जिला कलक्टर शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय विवाद एवं शिकायत निर्माण समिति एवं राईजिंग राजस्थान के संबंध में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए बोल रहे थे। उन्होंने जिले में निवेश के प्रस्तावों एवं विभागों द्वारा किये जा रहे एमओयू,जिला उपखंड स्तर,तहसील स्तर पर भूमि रूपांन्तरण एवं भूमि आवंटन, प्रदूषण नियंत्रित से संबंधित समस्त सहमतियां, पंजीयन,बैंकों से ऋण प्रकरणों के संबंध में सहित तैयारियों की समीक्षा की गई एवं समस्त कार्य को समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिये गये। जिला उद्योग एवं वाणिज्यि केन्द्र के महाप्रबंधक गणेश शर्मा ने बताया कि जिला स्तरीय विवाद एवं शिकायत निवारण तंत्र की बैठक जिला कलक्टर नीलाभ सक्सेना की अध्यक्षता में उद्योगों से जुडी समस्याओं के समाधान के लिए आयोजित की गयी। जिला कलक्टर ने हिण्डौन औद्योगिक क्षेत्र में गाडियां लुहारों द्वारा अतिक्रमण हटाने, औद्योगिक क्षेत्र में विधुत ट्रिपिंग की समस्या का समाधान करने और हिण्डौन और करौली क्षेत्र में डंपिंग यार्ड के लिए जमीन आवंटित करने के संबंध में चर्चा हुई। साथ ही रीको औद्योगिक क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं की मांग भी उपस्थित औद्योगिक एसोसियेसन द्वारा उठाई गयी इस संबंध में समस्याओं का समाधान का जिला कलक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये।

## समीक्षा बैठक आज

**भरतपुर( निस )।** भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान की समीक्षा बैठक 30 सितम्बर को दोपहर 1 बजे भाजपा के प्रदेष महामंत्री सन्तोष अहलावत की अध्यक्षता के मुख्य आतिथ्य में की जावेगी। जिसमें जिलाध्यक्ष मनोज भारद्वाज के अनुसार बैठक में जिलें के सदस्यता अभियान के जिला संयोजक, सह-संयोजक, जिला कार्यकारिणी सदस्य, मण्डल अध्यक्ष, सदस्यता अभिान की सम्पूर्ण टीम द्वारा कीये गये सदस्यता अभियान के बारे में विस्तरित रिपोर्ट प्रदेष महामंत्री सन्तोश अहलावत को सौपीं जावेगी। जिला प्रवक्ता के अनुसार बताया कि भरतपुर जिले में अब तक कुल 95,765 सदस्य द्वारा सदस्यता ग्रहण कर ली गयी है तथा सर्वोच्च सदस्यता ग्रहण कराने वाले सदस्यों को बैठक के दौरान सम्मानित भी किया जावेगा।

# प्रधानमंत्री के मन की बात का 114वां संस्करण सुना

**करौली ( नि.स. )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात को पूरे करौली जिले में भारतीय जनता पार्टी के सभी शक्ति केंद्रों एवं बूथों पर भाजपा के कार्यकर्ताओं पदाधिकारीयों तथा जनप्रतिनिधियों एवं आम नागरिकों ने सुना और 2 सितंबर से प्रारंभ हुए भाजपा के सदस्यता अभियान के तहत सदस्यता अभियान से वंचित रहे आम नागरिकों, युवाओं एवं पार्टी के कार्यकर्ताओं को सदस्य बनाया ।

भाजपा के जिला प्रवक्ता मुकेश सालौत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात में भाजपा के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारीयों ने उनके मार्गदर्शक उद्बोधन को सुना।मन कि बात के कार्यक्रम के पश्चात पार्टी के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारीयों ने टोली बनाकर प्रत्येक बूथ पर पहुंचकर आम नागरिकों,युवाओं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं राष्ट्रवादी विचारों से अवगत कराकर उन्हें पार्टी की सदस्यता ग्रहण करवाई। करौली के अटल बिहारी वाजपेई, सुषमा स्वराज, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, वीर सावरकर तथा श्यामा प्रसाद मुखर्जी शक्ति केंद्रों एवं विभिन्न बूथों पर कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस कार्यक्रम को सुना।

# अग्रवाल महासभा ने निकाली भव्य अग्रचेतना वाहन रैली

**भरतपुर ( निस )।** युवा अग्रवाल महासभा द्वारा भरतपुर में भव्य अग्र चेतना बाईक रैली को मुख्य अतिथि भरतपुर पूर्व विधायक विजय बंसल, संजीव गुप्ता, सीए अतुल मित्तल, प्रदीप आर्य, विषिष्ठ अतिथि राम कुमार गुप्ता, डॉ नरेन्द्र अग्रवाल, मुकुल गोयल, राहुल बसंल, रजत गर्ग, अनुराग गर्ग, नरेन्द्र सिघंल, विपेन्द्र बसंल, मुकेष सिघंल, सतेन्द्र गोयल, गिरधारी गुप्ता, शालिनी मित्तल, सपना डीगिंया, सीमा मित्तल ने शहर अध्यक्ष ओमप्रकाष सिघंल की अध्यक्षता में महाराजा अग्रसेन की आरती कर अग्रजन चेतना विषाल वाहन रैली को कॉलेज गा्रउण्ड से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। विषाल रैली बिजली घर से मुख्य बाजार प्रेम गार्डन पर पहुँची। मुख्य बाजार में विषाल रैली का सर्व समाज के द्वारा भव्य रूप से स्वागत एवं सत्कार किया गया। जिनमें वैष्य समाज की अनेकों संस्थाओं एवं समस्त व्यापारियों ने विषाल बाईक वाहन रैली का पुरजोर तरीक से स्वागत किया। अग्रवाल संस्थाओं के अलावा प्रथम वार विषाल बाईक वाहन रैली का राष्ट्रीय जाट महासभा के कार्यकताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ लोकपाल सिंह के नेतृत्व में एवं मुस्लिम समाज के पदाधिकारियों ने शहीद खान के नेतृत्व में एवं गुर्जर समाज के पदाधिकारियों ने दिगम्बर सिंह खटाना एवं ब्रहामण समाज के



**अग्रजन चेतना विषाल वाहन रैली को कॉलेज ग्राउण्ड से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।**

पदाधिकारियों ने मनोज शर्मा के नेतृत्व में एवं खण्डेलवाल सर्व समाज ने भी बाईक रैली पर पुष्प वर्षा कर स्वागत सत्कार किया। रैली में पूरे जोष के साथ अग्रबंधु एवं अग्रमहिलाओं ने बहुत बडी संख्या में भाग लिया। एक छोर से रैली का दूसरा छोर दिखाई नही दे रहा था। विषाल बाईक रैली में अग्रवाल समाज के लोगों द्वारा महाराजा अग्रसेन महाराज, मॉ लक्ष्मी जी, मॉ माधवी जी के जयघोष लगायें। रैली के समाप्ति पर प्रेम गार्डन में अतिथियों द्वारा सभी बाईक सवारों को महाराजा अग्रेसन की अग्र घडी भेंट की गई एवं सभी अतिथियों को शहर अध्यक्ष ओमप्रकाष सिघंल के नेतृत्व में कार्यकारिणी द्वारा अग्र चिन्ह देकर समानित किया गया। बाईक रैली के सामाप्ति पर प्रेम गार्डन में पूर्व विधायक विजय बंसल ने कहा कि इनती चेतना अग्रसमाज में आना युवा महासंघ द्वारा इतना अच्छा कार्य करना समाज को मजबूती प्रदान करना ये बहुत अच्छा कार्य युवा महासभा द्वारा किया जा रहा है एवं उन्होने कहा कि समाज को एकजुद होकर आगे आने के लिए कहा। बाईक रैली का संचालन महामंत्री अनिल गोयल ने किया एवं आभार एवं धन्यवाद कोषाध्यक्ष राकेष मित्तल ने करते हुए सभी को भोजन करने हेतु आग्रह किया। बाईक रैली में युवा कार्यकारणी से सदस्य योगेष गोयल, षिवम जिन्दल, रवि मित्तल, मनोज सिघंल, षिवम बंसल, मिलन अग्रवाल, निमेष सिघंल, नमन सिघंल, गौरव गोयनंका, विवेक चामड़, दीपक गोयल,, पवन बिन्दल, शुभम बिन्दल, रवि गोयल, उपेन्द्र अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, जैनेन्द्र अग्रवाल, अखिल गोयल, अंकुर बिन्दल, आषीष अग्रवाल, हर्ष आर्य, शुभभ बिदंल, चिन्टु बंसल, आषीष गुप्ता, प्रमोद अग्रवाल, तरूण गर्ग, पुनीत गोयल, लोकेन्द्र गोयल, विवेक गोयल, योगेश सिघंल नितेष मित्तल, दीपक अग्रवाल, रोविन गोयल आदि उपस्थित रहे।

## रक्तदान शिविर में 137 रक्तदाताओं ने किया रक्तदान

**हिण्डौन सिटी।** अग्रसेन कन्या महाविद्यालय मे रक्तदान शिविर व विभिन्न प्रतियोगिताएं और आम सभा की बैठक 29 सितंबर रविवार को हुई

अग्रवाल समाज हिण्डौन सिटी द्वारा अग्रवाल युवा संगठन के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन 29 सितंबर रविवार को हुआ तथा अग्रवाल महिला संगठन द्वारा अग्रसेन जी महाराज की जीवनी पर निबंध प्रतियोगिता का भी आयोजन हुआ तथा जनरल नॉलेज प्रतियोगिता तथा ड्राइंग प्रतियोगिता का भी होगा आयोजन हुआ अग्रवाल समाज के अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार आर्य व समाज महामंत्री एडवोकेट लक्ष्मण गोयनका ने बताया कि 29 सितंबर रविवार को आम सभा की बैठक का आयोजन हुआ जिसमें प्रधान कलश की बोली लगाई गई जिसमे प्रधान कलश की अंतिम बोली ममता मित्तल पत्नी पूर्व जिला अध्यक्ष अजय मित्तल के नाम रही और प्रधान कलश लेने वाली महिला अग्रसेन जयंती के दिन प्रमुख कलश के रूप में सबसे अग्रणी पंक्ति में रहेगी तथा रक्तदान शिविर में 137 रक्तदाताओं ने अपने रक्त का दान किया तथा अग्रवाल महिला संगठन द्वारा अग्रसेन महाराज जी की जीवनी पर निबंध प्रतियोगिता ड्राइंग प्रतियोगिता जनरल नॉलेज प्रतियोगिता आदि का आयोजन अग्रसेन कन्या महाविद्यालय हिंडौन में हुआ तथा विजेताओं को अग्रसेन जयंती के दिन सम्मान किया जाएगा रक्तदान शिविर का प्रारंभ महाराजा श्री अग्रसेन जी के चित्रपट के समक्ष दीप प्रज्वलित समाज अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार आर्य अग्रसेनशिक्षा प्रसार समिति के अध्यक्ष रामदयाल पटवारी व अग्रवाल समाज के पूर्व जिला अध्यक्ष अजय मित्तल और भामाशाह संतोष गोयल तथा अग्रवाल युवा संगठन के अध्यक्ष राहुल बंसल तथा अग्रवाल समाज महामंत्री एडवोकेट लक्ष्मण गोयनका द्वारा किया गया संतोष गोयल ने यह रक्तदान शिविर स्वर्गीय श्रीमती चंद्रा देवी गोयल की पुण्य स्मृति में आयोजित किया रक्तदान शिविर 10 से 4:00 तक चला जिसमें जयपुरिया रक्त बैंक व अर्पण रक्त बैंक द्वारा रक्त का संग्रहण किया गया कार्यक्रम में वेद व्रत प्रकाश खेड़िया रविकांत विष्णु चतुर्भुज गोयल महेश गुप्ता सुरेश गुप्ता त्रिलोकनाथ भगवान सहाय राजेंद्र संगई राकेश सिंघल अनिल जैतवाल राजकुमार गोपाल राम कपूर जिंदल पवन जैतवाल ललित जैतवाल अरविंद रिठोली रामदयाल गुप्ता पूजा सिंघल गोपाल लांगरा अनुराग मंगल अनुराग अंकित गुप्ता दौलत राम भरत लाल गोपाल लाल अंकित गर्ग तुषार मित्तल आदित्य अग्रवाल उमेश अरविंद सिंघल मनीष सिंघल अमित गर्ग जगदीश गुप्ता रामगोपाल बनवारी लाल रामचरण ताराचंद गिरधारी पनवेड़ा आदि काफी संख्या में अग्रवाल बंधु उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन एडवोकेट लक्ष्मण गोयनका ने किया।

## सार-समाचार

### जांच शिविर का आयोजन

**भरतपुर ( निस )।** पतजंलि योगपीठ हरिद्वार के तत्वावधान में भारत स्वाभिमान पतजंलि परिवार के मुख्य संयोजक एवं प्रदेश प्रतिनिधि वीरी सिंह कुन्तल के नेतृत्व में विश्व हृदय दिवस के पावन पर्व पर प्रात: 5 बजे से 6 बजे तक योग शिविर एवं 6 से 8 बजे तक हृदय रोग से संबंधित विचारगोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य संयोजक कुन्तल ने बताया कि हृदय रोग से संबंधित विचार गोष्ठी का कार्यक्रम मां भारती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता आयुर्वेद मेडीकल कॉलेज की प्राचार्य एवं अधीक्षक डा. रीना खण्डेलवाल ने हृदय रोगों से बचाव की जानकारी देते हुए आयुष मंत्रालय द्वारा आमजन के अच्छे स्वास्थ्य और चिकित्सा हेतु शुरू किये जाने वाले देश का प्रकृति परीक्षण विषय के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। उपाधीक्षक एवं संभागीय समन्वयक डा. चन्द्रप्रकाश दीक्षित के द्वारा हृदय रोगों की अधिकांश वजह हमारे गलत खान-पान एवं नियमित योग व्यायाम नहीं करना है तथा ऋतुओं के अनुसार खान-पान और जीवन शैली में नियमित योग व्यायाम को शामिल कर हृदय रोगों की संभावना से बचाया जा सकता है तथा पतजंलि परिवार के मुख्य संयोजक कुन्तल ने कहा कि हृदय रोगों के लिए पतजंलि आयुर्वेद की हृदयामृत वटी तथा अर्जुनारिष्ट एवं अर्जुन धनवटी, कार्डियोग्रिट की औषधि का उपयोग निरन्तर करने एवं योग प्राणायाम करने से 90 प्रतिशत तक हृदय स्वस्थ्य रह सकता है। मोटा अनाज एवं हरी साग सब्जियों का प्रयोग एवं शाकाहारी सकारात्मक सोच का भी बहुत प्रभाव पडता है एवं आयुर्वेद मेडीकल कॉलेज की डॉ प्रीति चौहान की टीम के द्वारा ब्लड प्रेशर, वजन एवं मधुमेह की 55 योग साधकों की जांच की गई। टीम में आदित्या, लीना कुमारी, आरजू, विधि नोरतन, बीएनवाईएसके छात्र छात्राओं द्वारा सेवाऐं प्रदान की गईं। कार्यक्रम में गंगो सिंह, गायत्री आर्य, हीरासिंह आर्य, ओमवीर सिंह, डॉ सतीश पाराशर, उत्तम सिंह, जल सिंह फौजदार, भूप सिंह, आचार्य विश्वपाल सिंह, डॉ सुनील चौधरी, शिवदत्त तेनगुरिया, बबीता मनोचा, राजवीर सिंह, मनीराम, चन्दर सिंह, संतोष अग्रवाल, मानसिंह सोनी, महेन्द्र सिंह, सुमनलता चौधरी, लक्ष्मी चाहर, अलका अग्रवाल, सुरेश चंद गुप्ता, अंजना गुप्ता, आदि मौजूद रहे।

### राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

**गंगापुर सिटी ।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर के निर्देशानुसार तालुका विधिक सेवा समिति गंगापुर सिटी के तत्वाधान में शनिवार को साल की तीसरी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन शनिवार को कोर्ट परिसर में किया गया। तालुका सचिव ने बताया कि लोक अदालत में आपसी सहमति से प्रकरणों के निस्तारण के लिए तालुका गंगापुर सिटी में कुल 2 बेंचों का गठन किया गया। राष्ट ीय लोक अदालत में प्रथम बेंच में अध्यक्ष के रूप में श्रीमती रेशमा खान, अपर जिला एवं सेशन न्यायधीश संख्या 2, गंगापुरसिटी व सदस्य के रूप में अधिवक्ता माया जैन उपस्थित रहे। द्वितीय बेंच की अध्यक्षता मनीषा कुमारी न्याय अधिकारी ग्राम न्यायालय गंगापुर सिटी द्वारा की गई। जिसमें सदस्य के रूप में बृजेंद्र मीणा उप जिला कलेक्टर गंगापुर सिटी उपस्थित रहे। लोक अदालत में पक्षकरान, तथा बैंक, बिजली, बीएसएनएल विभाग के कर्मचारियों सहित न्यायालय के कर्मचारी उपस्थित थे। बेंचो द्वारा पक्षकारों में समझाइश करवाकर लोक अदालत में विवादों का निस्तारण करवाया गया। अध्यक्ष रेशमा खान ने बताया की लोक अदालत विवादों को निपटाने का वैकल्पिक साधन है। जहां विवादों का आपसी सहमति से निपटारा किया जाता है। यह कम समय में विवादों को निपटाने के लिए आसान और अनौपचारिक प्रक्रिया है। लोक अदालत में न्यायालय में लंबित प्रकरणों, राजस्व प्रकरणों तथा प्रिलिटोगेशन प्रकरणों का अधिकाधिक निस्तारण किया गया।

### प्रतियोगिता मे टीमों ने दिखाया था दमखम

**हिंडौन सिटी ।** श्री महावीर जी के महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय के संयोजन में गत 26 सितंबर से आयोजित हो रही छात्रा वर्ग की 68वीं राज्य स्तरीय हैंडबॉल प्रतियोगिता के दौरान रविवार को सुपर लीग में पहुंचने के लिए टीमों ने अपना दमखम दिखाया। इस दौरान सूरज की लुका छुपी से का खेल भी रहा जिसमे कभी तपती धूप के एहसास के बीच खिलाड़ियों ने जीत के लिए पसीने बहाया तो कभी सुहाने मौसम का फायदा उठाते हुए खिलाड़ियों जीत के लिए जी और जान एक कर दी। संयोजक एवं प्रधानाचार्य मुकुट कुमारी गुर्जर एवं प्रतियोगिता के फील्ड मार्शल लोकेश मीणा व मीडिया प्रभारी नरेंद्र बाबा ने बताया कि 26 सितंबर से ऐश्वर्या 68वीं जिला स्तरीय हैंडबॉल प्रतियोगिता के चौथे दिन खिलाड़ियों ने जी और जान एक कर दमखम दिखाया और सुपर लीग में स्थान पक्का करने के लिए मैदान पर पसीना बहाया। इस दौरान 19 वर्ष आयु वर्ग में हनुमानगढ़ ने अनूपगढ़ को 11-3 से, अनूपगढ़ में सवाई माधोपुर को 9-0 से, ब्यावर ने पाली को 2-1 से, नीमकाथाना ने दौसा को 5-0 से, हनुमानगढ़ ने दोसा को 8-0 से, गंगानगर ने जालौर को 12-0 से, गंगानगर ने भरतपुर को 12-2 से, जोधपुर ग्रामीण में कुचामन डीडवाना को 6/3 से, बूंदी ने जोधपुर ग्रामीण को 16-9 से व उदयपुर में भरतपुर को 8-4 से पराजित कर दिया ।इसी तरह 17 वर्ष आयु वर्ग में अलवर ने जयपुर शहर को 10-6 से, अजमेर ने झुंझुनू को 5-4 से, अनूपगढ़ ने जैसलमेर को 10 -0 से, फलोदी ने जालौर को 20-0 से दोसा ने ब्यावर को 4-3 से, बांसवाड़ा में कोटपूतली को 11-1 से, जयपुर शहर ने सवाई माधोपुर को 10-7 से, झुंझुनू ने सलूंबर को 5-1 से, जयपुर ग्रामीण ने दूदू को 6 -3 से, सीकर ने टोंक को 13 -2 से, चूरू ने जोधपुर शहर को 10-0 से, बीकानेर ने प्रतापगढ़ को 13-0 से, अलवर ने गंगानगर को 7-0 से, जोधपुर शहर ने करौली को 2-1 से, नीमकाथाना ने अजमेर को 5 -3 से, चूरू ने करौली को 14-0 से, राजसमंद ने दूदू को साथ एक से उदयपुर ने बंदी को 7-4 से, बाड़मेर में बारा को 10-2 से और राजसमंद में उदयपुर को 9-5 से पराजित कर दिया।

### एडीएम ने किया निरीक्षण

**कामां भरतपुर ( निस )।** कामां पंचायत समिति हमेशा से भ्रष्टाचार के मामले में सुर्खियों में छाई हुई रही है जाहे कांग्रेस का राज रहा हो या फिर भाजपा का राज रहा है भष्टाचार चरम सीमा पर ही नजर आता है। भष्टाचार की लगातार शिकायतें मिलने पर जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के निर्देशन में अतिरिक्त जिला कलक्टर संतोष मीणा ने कामां पंचायत समिति की आधा दर्जन पंचायतों का औचिक निरीक्षण किया। जिसमें मनरेगा योजना में इतना भष्टाचार पाया गया कि अधिकारी भी शायद कभी सौच नही सकते। जानकारी के लिए हम आपको बता दें कि कामां पंचायत समिति की 34 ग्राम पंचायतों में शनिवार को तकरीबन 3752 श्रमिकों की ऑनलाइन उपस्थित दर्ज कर फर्जीवाड़े के तहत भुगतान उठाया जा रहा है। अतिरिक्त जिला कलक्टर संतोष मीणा ने ऐचवाड़ा, नदेरा, विलोद, लुहेसर, वोलखेड़ा सहित अन्य ग्राम पंचायतों का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। एडीएम संतोष मीणा ने आधा दर्जन ग्राम पंचायतों का जब निरिक्षण किया तो पाया की ग्राम पंचायत ऐचवाडा में तीन अलग-अलग जगह पर 202 मजदूरों की मनरेगा योजना चल रही थी। जिसमें 27 सितंबर को मनरेगा मैठ द्वारा फर्जी तरीके से उपस्थित दर्ज कर फर्जी मिस्ट्रोल चलाना पाया गया। जिस पर मनरेगा मैठ को ब्लैक लिस्ट व जेईएन व सचिव को नोटिस देने के निर्देश दिए। इसी के साथ विलोद ग्राम पंचायत में भी मनरेगा श्रमिकों की संख्या कम नजर आई जिस पर भी कार्रवाई के निर्देश दिए।

### प्रतिभा सम्मान समारोह संपन्न

**भरतपुर ( निस )।** राष्ट्रीय मीणा महासभा का 26 वां राष्ट्रीय अधिवेशन एवं डीग एवं भरतपुर का संयुक्त प्रतिभा सम्मान समारोह आज यूआईटी ऑडिटोरियम भरतपुर में संपन्न हुआ जिसमें करीब 200 प्रतिभाओं का सम्मान किया गया जिसमें 10वीं 12वीं के छात्राओं सहित समाज के विभिन्न प्रकार के क्षेत्र में उच्चतम उपलब्धि हासिल करने वालों का भी सम्मान किया। जानकारी देते हुए प्रदेश संगठन सचिव भूपेन्द्र सिंह मीना ने बताया कि इस अवसर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बालयोगी महंत रुपनाथ महाराज गोगामेड़ी रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष एड. शशी प्रकाश पवड़ी रहे। बतौर विशिष्ट स्थिति रिटायर्ड आईएएस रघुवीर मीणा रिटायर्ड आईएएस कल्याण सहाय मीणा इंजी गजसिंह सिंह मीणा, इग्नू के डायरेक्टर राम मूर्ति मीणा रहे। जिला अध्यक्ष सहदेव सिंह ने बताया कि इस अवसर पर केबीसी में पचास लाख रुपए की विजेता नरेशी मीना, आइएएस रवि मीना रिछोली सहित करीब दो सौ प्रतिभाओँ का सम्मान किया गया। मुख्य सलाहकार प्रताप सिंह ने बताया कि कार्यक्रम में महाराज महाराष्ट्र प्रांत के अध्यक्ष शंकर सिंह खोखर मध्य प्रदेश के प्रांतीय अध्यक्ष डॉ रामस्वरूप मीणा उत्तर प्रदेश के प्रांतीय अध्यक्ष महेंद्र पाल सिंह मीणा सहित उनकी टीम के करीब सौ लोगों ने भाग लिया।